# षोडश

# बिहार विधान सभा

## नवम सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-1

सोमवार, तिथि $\frac{\text{21 फाल्गुन, 1939 (श0)}}{\text{12 मार्च, 2018 (ई0)}}$

**प्रश्नों की कुल संख्या 54**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) गृह विभाग | .. | .. | 40 |
| (2) वित्त विभाग | .. | .. | 01 |
| (3) सामान्य प्रशासन विभाग | .. | .. | 02 |
| (4) सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग | .. | .. | 02 |
| (5) उद्योग विभाग | .. | .. | 05 |
| (6) गन्ना उद्योग विभाग | .. | .. | 03 |
| (7) वाणिज्य-कर विभाग | .. | .. | 01 |
| | | कुल योग — | 54 |

छुट्टी स्वीकृत की व्यवस्था

'क'- *359. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के राजपत्रित पदाधिकारियों के उपार्जित अवकाश की स्वीकृति वित्त (वैयक्तिक दावा) विभाग द्वारा निर्गत छुट्टी अनुमान्यता प्रतिवेदन के आधार पर ही प्रशासी विभाग द्वारा दी जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रत्येक बार उपार्जित अवकाश का उपभोग कर आने के बाद छुट्टी अनुमान्यता प्रतिवेदन की माँग वित्त विभाग (वैयक्तिव दावा) से प्रशासी विभाग द्वारा की जाती है जिसमें अनावश्यक विलम्ब होता है और संबंधित पदाधिकारी की छुट्टी अवधि का वेतन लम्बित रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बार-बार छुट्टी अनुमान्यता प्रतिवेदन की बाध्यता समाप्त कर वित्तीय वर्ष में एक बार छुट्टी अनुमान्यता प्रतिवेदन के आधार पर छुट्टी स्वीकृत करने की व्यवस्था करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*985. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत नगर पंचायत शेरघाटी में दूबे बगीचा कब्रिस्तान इंदिरा नगर एवं लगन तकिया कब्रिस्तान है जिसकी घेराबंदी आजतक नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित कब्रिस्तानों की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

एस0 डी0 ओ0 का स्थानान्तरण

*986. श्रीमती पुनम कुमारी उर्फ पुनम पासवान--क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के बारसोई अनुमंडल में सिविल एस0 डी0 ओ0 पाँच साल से पदस्थापित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार का प्रावधान है कि तीन वर्ष पर एक स्थान पर पदस्थापित पदाधिकारी एवं कर्मचारी का स्थानान्तरित किया जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सिविल एस0 डी0 ओ0 का स्थानान्तरण करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*987. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड प्रखंड अन्तर्गत मरूकी पंचायत के ग्राम-मुजौलिया एवं कुम्मा पंचायत के ग्राम-बेलहियाँ में कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं होने से असमाजिक तत्वों एवं अवारा पशुओं का आना-जाना लगा रहता है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित स्थानों पर कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट---'क' दिनांक 5 मार्च, 2018 को सदन द्वारा स्थगित ।

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*988. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर प्रखंड के देवधा गाँव में स्थित कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं रहने के कारण मवेशियों का चारागाह बन गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कब्रिस्तान घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

बैरकों की मरम्मती

*989. श्री जितेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत पुलिस लाइन केन्द्र, छपरा आरक्षियों एवं कर्मचारियों के लिये निर्मित पुराने आवास एवं बैरक की स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पुलिस लाइन में अवस्थित सभी आवासों एवं बैरकों की मरम्मती 20 वर्षों से नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पुलिस लाइन, छपरा में आवासों एवं बैरकों की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*990. श्री (मो0) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड के गुआबाड़ी पंचायत के ग्राम-डुवाडांगी (जयनगर) कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चालू कराना

*991. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के चकाई विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत प्रखंड चकाई एवं सोनो में स्टार्टअप योजना चलाने हेतु राज्य सरकार ने योजना 2016-17 में प्रारंभ की है परन्तु उक्त विधान सभा क्षेत्र में आजतक एक भी स्टार्टअप योजना शुरू नहीं की गई है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है तथा उक्त योजना को कबतक चालू कराने का विचार रखती है ?

--------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*992. डॉ0 अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के सतरकटिया प्रखंड के अन्तर्गत गोबर गरहा कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं हुई है, यदि हाँ, तो सरकार गोबर गरहा कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## आश्रम की घेराबंदी

*993. <u>श्री हरिशंकर यादव</u>--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत नौतन प्रखण्ड के ग्राम-खलवाँ में स्थित भक्तियोग आश्रम है। यह आश्रम हिन्दुओं की आस्था का केन्द्र है, जिसमें जिला एवं राज्य के बाहर के लोग भक्तियोग आश्रम में आते हैं, उक्त आश्रम की घेराबंदी नहीं होने के कारण आगंतुक पर्यटक असुरक्षित महसूस करते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त आश्रम की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

## कब्रिस्तान की घेराबंदी

*994. <u>श्री हरिशंकर यादव</u>--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जीलान्तर्गत हुसैनगंज प्रखण्ड के ग्राम-खोदाई बरी कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं होने के कारण कब्रिस्तान की जमीन का अतिक्रमण किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

## कब्रिस्तान की घेराबंदी

*995. <u>श्री शम्भुनाथ यादव</u>--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के सेमरी प्रखण्ड में दुल्लहपुर पंचायत के ग्राम-दुल्लहपुर में कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं की गई है, जिसके कारण कब्रिस्तान की जमीन का अतिक्रमण किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबन्दी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

## भवन का निर्माण

*996. <u>श्री अचमित ऋषिदेव</u>--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में पुलिस आधुनिकीकरण के अन्तर्गत थानों के लिये नये आधुनिक भवन का निर्माण, घेराबंदी आदि कार्य वर्ष 2010 से संचालित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज थाने के मुख्य भवन का निर्माण ब्रिटिश काल में ही हुआ था, जिसका भवन अब काफी पुराना हो गया है ।

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रानीगंज थाने के लिये आधुनिक भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## अभियुक्त की गिरफ्तारी

*997. <u>श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन</u>--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अन्तर्गत थाना विभूतिपुर काण्ड संख्या 155/2017 के हत्या के अभियुक्त की गिरफ्तारी आजतक नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त थाना कांड के अभियुक्त की गिरफ्तारी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## कब्रिस्तान की घेराबन्दी

*998. <u>श्री अशोक कुमार सिंह (224)</u>--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत रफीगंज प्रखण्ड के ग्राम पंचायत केराप के ग्राम-चन्द्रेहटा एवं नगर पंचायत रफीगंज के वार्ड नं0 1 के हाजीपुर में कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं की गई है, जिसके कारण कब्रिस्तान के जमीन का अतिक्रमण हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबन्दी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## कब्रिस्तान की घेराबंदी

*999. <u>श्रीमती एज्या यादव</u>--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत पटोरी प्रखण्ड के ताराधमौन पंचायत के ग्राम-खैराज सुपौल में स्थित कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं हुई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## कब्रिस्तान की घेराबंदी

*1000. <u>श्रीमती सुनीता सिंह चौहान</u>--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी प्रखण्ड के परसौनी मेलवार वार्ड नं0 5 में कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## कब्रिस्तान की घेराबंदी

*1001. <u>श्री प्रभुनाथ प्रसाद</u>--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अगिआंव प्रखंड अन्तर्गत ननौर पंचायत के ग्राम-ननौर एवं करबासिन पंचायत के ग्राम-गौढ़िया में कब्रिस्तान की घेराबन्दी नहीं होने के कारण वर्णित स्थानों पर आवारा पशुओं का आना-जाना लगा रहता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर घेराबन्दी कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## जागरूकता अभियान चलाना

*1002. <u>डॉ० शमीम अहमद</u>--क्या मंत्री, सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य संबंधी हानिकारक पदार्थों की जानकारी के लिये बड़े स्तर पर मीडिया, टेलीविजन एवं रेडियो के माध्यम से लोगों के बीच में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि हानिकारक वस्तुओं पर वैधानिक चेतावनी में माइक्रोस्कोपिक अक्षरों में लिखे जाने के कारण 90 प्रतिशत लोगों को बात समझ में ही नहीं आती है तथा टेलीविजन पर जल्दी बोलने से 95 प्रतिशत लोगों को बात समझ में नहीं आती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार हानिकारक वस्तुओं पर वैधानिक चेतावनी में माइक्रोस्कोपिक अक्षरों के स्थान पर बड़े अक्षरों का प्रयोग एवं टेलीविजन में जल्दी-जल्दी बोलने के बजाय धीरे-धीरे शब्दों को बोलकर लोगों में जागरूकता अभियान चलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## चीनी मिल स्थापित करना

*1003. <u>श्री ललन पासवान</u>--क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास और कैमूर जिले में डालमियाँ नगर कारखाना बंद होने के बाद चीनी उत्पादन के लिये कोई चीनी मिल स्थापित नहीं की गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कैमूर, रोहतास के पहाड़ी से सटे हुये रहने वाले गाँवों में गन्ने की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है, किसान गन्ने को बाहर ले जाकर औने-पौने दाम में बेचते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कैमूर और रोहतास जिले में चीनी मिल स्थापित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

## कब्रिस्तान की घेराबंदी

*1004. <u>डॉ० (मो०) जावेद</u>--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत पोठिया प्रखंड के छत्तरगाछ पश्चिम के कुरसाकोंटा आदिवासी टोला कब्रिस्तान एवं कोल्था प० के गुवावाड़ी आदिवासी टोला कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं हुयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कब्रिस्तानों की घेराबंदी कार्य कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## सुरक्षा में चूक

*1005. <u>श्री कुमार सर्वजीत</u>--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 20 जनवरी, 2018 को प्रकाशित शीर्षक ''महाबोधि मंदिर के पास मिले तीन बम, वहीं पर ठहरे हैं दलाई लामा'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला में स्थित महाबोधि मंदिर के पास दिनांक 19 जनवरी, 2018 को तीन शक्तिशाली बम रखे हुये थे, जिसे सुरक्षा बल ने तीन शक्तिशाली बम को बरामद किये हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2013 में महाबोधि मंदिर में बम विस्फोट हुये थे तब से सुरक्षा की काफी व्यवस्था होने के बाद भी तीन शक्तिशाली बम प्राप्त हुये हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बौधिक मंदिर में सुरक्षा में चूक होने का क्या औचित्य है ?

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*1006. श्री फैसल रहमान--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढाका नगर परिषद् के वार्ड संख्या 14 में लहन ढाका जानेवाली सड़क के पूरब तरफ कब्रिस्तान घेराबंदी नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*1007. डॉ० (मो०) जावेद--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत किशनगंज नगर परिषद् के वार्ड नं० 1 के मजार चौक एवं नगर परिषद् के वार्ड नं० 34 के नक्षिया कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं हुयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कब्रिस्तानों की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*1008. श्री सुनील कुमार--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत डुमरा प्रखंड स्थित पंचायत मिश्रौलिया के केथड़िया गाँव में कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं रहने से दो समुदायों के बीच आये दिन तनाव व्याप्त रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित कब्रिस्तान की घेराबंदी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

थाना का स्थापना

*1009. श्री अमित कुमार--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सुप्पी प्रखंड का सृजन मेजरगंज एवं बैरगनिया प्रखंड के हिस्से को काटकर बनाया गया है, जिसमें मेजरगंज सहायक थाना एवं बैरगनिया सहायक थाना सम्मिलित हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एक प्रखंड में दो-दो सहायक थाना होने से सुप्पी प्रखंड के लोगों को अपने कार्य के लिये दो-दो थाना का चक्कर लगाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मेजरगंज एवं बैरगनिया सहायक थाना के बदले नव-सृजित सुप्पी प्रखंड के लिये एक सुप्पी थाना का स्थापना करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*1010. श्री फैसल रहमान--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत घोड़ासहन प्रखंड के बनर कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उद्योग को चालू कराना

*1011. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत आमस प्रखंड के बड़की चिलमी पंचायत के भूइयांडीह, विशुनपुर मठपुर के गाँवों में कालिन बनाया जाता था, जो अब बंद है यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँवों में कालिन उद्योग के मजदूरों को सरकारी सहायता देकर पुन: कालिन उद्योग को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*1012. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज थाना में वर्तमान में 10 पुलिस अधिकारी कार्यरत हैं जबकि पुलिस पदाधिकारियों के रहने के लिये केवल 4 (चार) आवासीय फ्लैट उपलब्ध है, यदि हाँ, तो क्या सरकार पुलिस पदाधिकारियों की संख्या के अनुसार अतिरिक्त आवासीय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*1013. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी प्रखंड के परसौनी मेलवार वार्ड नं०-7 के उत्तरी टोला में स्थित कब्रिस्तान है, जिसकी घेराबंदी नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी का निर्माण

*1014. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 216-17 में ही राज्य के सभी पौराणिक मंदिरों के चहारदीवारी की घेराबन्दी कराने का सरकार ने निर्णय लिया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के सदर प्रखंड अन्तर्गत दरभंगा शीशो पश्चिमी पंचायत के मखनाही गाँव के रामजानकी मंदिर एवं रसलपुर टोला के महावीर मंदिर पौराणिक मंदिर होने के बावजूद अभीतक नहीं हुई है, जिसके कारण उक्त मंदिरों को अतिक्रमण किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त दोनों मंदिरों के चहारदीवारी का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*1015. श्री नरेन्द्र नारायण यादव--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला मधेपुरा अन्तर्गत अंचल आलमनगर के अधीन ग्राम-शंकरपुरा मधैली स्थित दक्षिणी कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं हो पाई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कारंवाई नहीं करने का औचित्य

*1016. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गन्ना उद्योग विभाग के ईखायुक्त, बिहार, पटना के ज्ञापांक 1029, दिनांक 13 जून, 17 के माध्यम से समाहर्त्ता पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी से मेंं० कमलापुर सुगर रिफाइनी लि०, पार्क स्ट्रीट, कोलकता 17 द्वारा ग्राम-सरियतपुर प्रखंड चकिया जिला पूर्वी चम्पारण में चीनी मिल नहीं लगाने की स्थिति में संबंधित किसानों को भूमि वापस करने से संबंधित प्रतिवेदन की माँग की गई थी, लेकिन आजतक किसानों को भूमि वापस नहीं की गई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त परिप्रेक्ष्य में आजतक कारंवाई नहीं करने का क्या औचित्य है ?

--------

लाभ पहुँचाना

*1017. श्री नारायण प्रसाद --क्या मंत्री, सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला मुख्यालय में सोशल मीडिया की सहायता, सरकारी योजनओं का प्रचार-प्रसार, सरकारी नीतियों, कार्यक्रमों का आमजनों तक सूचना सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार के विरुद्ध कार्रवाई के लिये मिडिया कम्युनिकेशन हब का निर्माण नवम्बर, 2017 में किया गया है लेकिन जिस उद्देश्य के लिये कम्युनिकेशन हब का निर्माण हुआ उस उद्देश्य हेतु कार्य नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त हब का लाभ जन-जन तक पहुँचाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जीर्णोद्धार करवाना

*1018. श्री श्यामबाबू प्र० यादव--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मेहषी प्रखंड सीप बटन उद्योग जो मृतप्राय हो चुकी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने 2012 में सेवा यात्रा के दौरान उक्त उद्योग का निरीक्षण किया था तथा नई तकनीकी पर आधारित मशीनें लगवाने की घोषणा की गई थी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सीप बटन उद्योग उक्त घोषणा के आलोक में कबतक जीर्णोद्धार करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*1019. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नबीनगर नगर पंचायत में रामपुर और खरौन्धा में कब्रिस्तान का घेराबंदी नहीं हुआ है, जिसके कारण दो समुदायों के बीच आपसी तनाव हो गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## मंदिर की घेराबंदी

*1020. श्री शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत डंडखोरा प्रखंड के बलुआ टोला स्थित श्रीशिव मंदिर है, प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्री के अवसर पर मेला का आयोजन होता है । मंदिर की घेराबंदी नहीं होने से श्रद्धालू असुरक्षित महसूस करते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मंदिर की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

---------

## पदों पर प्रोन्नति

*1021. श्रीमती गुंजिता देवी--क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला स्थित समाहरणालय मधुबनी एवं उसके अधीनस्थ क्षेत्रीय कार्यालयों में पैंतीस (35) प्रशाखा पदाधिकारी का पद विगत पाँच वर्षों से रिक्त है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जिला में वर्ष 2005 में जिलाधिकारी द्वारा नियुक्त सहायकों की वरीयता सूची का निर्धारण नहीं होने के कारण पदोन्नति बाधित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सहायकों की वरीयता सूची का निर्धारण कर प्रशाखा पदाधिकारी के रिक्त पदों पर प्रोन्नति देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## कब्रिस्तान की घेराबंदी

*1022. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत चेनारी प्रखंड के केनार कला एवं हट्टा-भरन्दुओं के कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं है, जिसके कारण कब्रिस्तान पर गाँव के लोगों द्वारा अतिक्रमण करने से दो समुदाय के बीच हमेशा वाद विवाद रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## कब्रिस्तान की घेराबंदी

*1023. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के चेरौत प्रखंड अन्तर्गत यद्दुपट्टी पंचायत के ग्राम-यद्दुपट्टी में अगल-बगल में दो कब्रिस्तान उत्तर एवं दक्षिण साईड में घेराबंदी नहीं होने से असमाजिक तत्वों एवं अवारा पशुओं का आना-जाना लगा रहता है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित स्थानों पर कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## कार्रवाई करना

*1024. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला में अप्रैल, 2016 से दिसम्बर, 2017 तक शराबबंदी के दौरान 1287 कांडों में 2641 लीटर अवैध चुलाई शराब, 2094 लीटर अवैध देशी शराब, 195 लीटर अवैध विदेशी शराब तथा 34244 किलोग्राम अवैध जामा महुआ को पुलिस ने जब्त की है;

(2) क्या यह बात सही है कि बंदी के बावजूद भी स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से अवैध शराब का कारोबार फल-फूल रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शराब के कारोबार से प्रश्रय देने वाले पुलिस पदाधिकारियों की जाँच कराकर दोषी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

ओ०पी० का निर्माण

*1025. श्री सुनील कुमार--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत प्रखंड डुमरा स्थित मेहसोल पुलिस ओ०पी० का भवन विगत 10 वर्षों से जर्जर एवं जीर्ण-शीर्ण अवस्था में रहने से पुलिस ओ०पी० में प्रतिनियुक्त पुलिस कर्मियों को आवासन एवं प्रशासनिक कार्यों में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित पुलिस ओ०पी० का जर्जर भवन के स्थान पर नया पुलिस ओ०पी० का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*1026. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत अररिया प्रखंड के मदनपुर्वी पंचायत के कसेला गाँव में कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं रहने के कारण कब्रिस्तान असुरक्षित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*1027. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत अररिया नगर परिषद् वार्ड नं०-26 में नगर का एक बहुत बड़ा कब्रिस्तान है, जिसकी घेराबंदी नहीं रहने के कारण कब्रिस्तान असुरक्षित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चीनी मिल पर कार्रवाई

*1028. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--दैनिक अखबार दिनांक 11 जनवरी, 2018 को छपी खबर की "चीनी मिलों पर घटतौली का आरोप, होगी जाँच" के संबंध में क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गन्ना विभाग ने अभीतक वजन मापने वाली वाहन का खरीद नहीं किया है तथा विभाग वजन मापने के लिये कृषि विभाग पर आश्रित है;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार के चीनी मिल में घटतौली के संबंध में अभीतक कोई जाँच एवं कानूनी कार्रवाई नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार घटतौली करने वाले चीनी मिलों पर अभीतक कार्रवाई नहीं करने का क्या औचित्य है ?

## कब्रिस्तान की घेराबन्दी

*1029. श्री नरेन्द्र नारायण यादव--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला मधेपुरा अन्तर्गत थाना-चौसा के अधीन ग्राम पंचायत पैना के ग्राम पैना में दक्षिण कब्रिस्तान की घेराबंदी अभीतक नहीं हो पाई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

## मंदिर की घेराबंदी

*1030. श्रीमती एज्या यादव--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत पटोरी प्रखंड के ताराधामौन गाँव के दुरबार स्थान मंदिर की घेराबंदी नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मंदिर की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

## कब्रिस्तान की घेराबन्दी

*1031. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अगियाँव प्रखंड अन्तर्गत पोसवाँ पंचायत के ग्राम धोबडी में एवं ननौर पंचायत के ग्राम नाढ़ी में कब्रिस्तान की घेराबन्दी नहीं की गई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थानों पर कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

## प्रदुषित जल बहाव की व्यवस्था

*1032. श्रीमती बेबी कुमारी--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के बोचहाँ विधान सभान्तर्गत बियाडा सरकारी उपक्रम में अवस्थित विभिन्न उद्योगों के द्वारा परित्यक्त प्रदुषित जल का निकासी बाहर किया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि बोचहाँ एवं मुशहरी प्रखण्ड के किसानों का एकमात्र आधार कृषि है। बियाडा के परित्यक्त प्रदुषित पानी द्वारा रोहुआ पंचायत एवं कन्हौली पंचायत के किसानों के लगभग 200 एकड़ कृषि भूमि के फसल बेकार एवं बर्बाद हो गये हैं, जिसके कारण किसानों में आक्रोश व्याप्त है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित बियाडा के परित्यक्त प्रदुषित जल का बहाव की व्यवस्था करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

## उद्योग लगाना

*1033. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला में लगभग 50 हजार हेक्टेयर में मक्का तथा 1300 हेक्टेयर में आलू का खेती होता है;

(2) क्या यह बात सही है कि फूड प्रोसेसिंग उद्योग लगाने हेतु बनमनखी चीनी मिल का 138 एकड़ जमीन एवं गुलाबबाग कृषि फार्म का 100 एकड़ जमीन उपलब्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार किसान हित में आलू आधारित फूड प्रोसेसिंग उद्योग उक्त स्थान पर लगाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक ?

## चेक पोस्ट का निर्माण

*1034. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, वाणिज्य-कर विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर प्रखण्ड के कोईरीडीह तेतरिया पथ पर चेक पोस्ट नहीं रहने के कारण हजारों ट्रकों का अधिभारित परिचालन होता है, जिससे प्रतिदिन बिहार सरकार को राजस्व की क्षति होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर चेक पोस्ट कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## नए वाहन की व्यवस्था

*1035. डॉ० अब्दुल गफुर--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के महिषी प्रखण्ड के अन्दर जलई थाना को पुरानी जीप 2014 में दी गई थी वह पुरानी जीप अब चलने के योग्य नहीं रहने के कारण थाना कर्मी को कार्य करने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार जलई थाना को नई जीप की व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखता है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## पुलिस चौकी स्थापित करना

*1036. श्री अशोक कुमार सिंह (224)--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत मदनपुर प्रखण्ड के शिवगंज में हाट-बाजार है, जो जी०टी० रोड पर अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि शिवगंज बाजार से मदनपुर थाना की दूरी 10 कि०मी० होने के कारण अपराधी अपराध कर भागने में सफल हो जाते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार शिवगंज बाजार एवं आस-पास में घटित घटनाओं के रोक-थाम एवं शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु शिवगंज में पुलिस चौकी स्थापित कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## अंकुश लगाना

*1037. श्री ललित कुमार यादव--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 9 अक्तूबर, 2017 को प्रकाशित शीर्षक ''राज्य में होनेवाली 100 में 39 हत्या के कारणों का पता नहीं लगा पाती पुलिस'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में हर महीने 89 ऐसी हत्याएं हो रही जो वैज्ञानिक अनुसंधान के अभाव में कारणों का पता नहीं लगा पा रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में जनवरी, 2017 से अगस्त 2017 तक 1800 हत्याएं हो चुकी हैं जिसमें अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हुई;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य में वैज्ञानिक अनुसंधान की समुचित व्यवस्था से युक्त कर पुलिस तंत्र को सुदृढ़ कर आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पटना:
दिनांक 12 मार्च, 2018 (ई०) ।

रामश्रेष्ठ राय,
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

बि०स०मु० (एल०ए०)--110-डी०टी०पी०-550